# Daily Current Affairs

**Date : 29 July, 2025**

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय 'संपूर्णता अभियान' सम्मान समारोह |
| 2. | भारत - यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (FTA) - राजस्थान पर प्रभाव |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के चुनाव<br>2. शैलेश दत्त माथुर |
| 4. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP-2020) |
| 5. | राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति |
| 6. | पैठणी साड़ियाँ |
| 7. | एटालिन जलविद्युत परियोजना |
| 8. | नई दूरसंचार नीति 2025 का मसौदा |
| 9. | नासा का ट्रेसर्स मिशन |
| 10. | अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस |
| 11. | गीतांजलि श्री |
| 12. | विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक अवॉर्ड |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### राज्य स्तरीय 'संपूर्णता अभियान' सम्मान समारोह

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **28 जुलाई, 2025 को जयपुर स्थित हरीश चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (HCM RIPA) में 'राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा 'सम्पूर्णता अभियान' के तहत् नीति आयोग द्वारा स्थापित 6 प्रमुख संकेतकों की संतृप्ति में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5 जिलों एवं 23 ब्लॉकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।**
- **6 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाला एकमात्र जिला: करौली (स्वर्ण पदक)**
- **4 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाले 4 जिले : बारां, धौलपुर, जैसलमेर एवं सिरोही (कांस्य पदक)**

**आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् 6 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाले 3 ब्लॉक:**

- **जायल (नागौर),**
- **राणी (पाली)**
- **खैरवाड़ा (उदयपुर)**
- **उपर्युक्त तीनों ब्लॉकों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सम्पूर्णता अभियान :

- राजस्थान सरकार एवं नीति आयोग द्वारा आंकाक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों मे 'सम्पूर्णता अभियान' का संचालन किया गया था, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर जिलों और ब्लॉकों की रैंकिंग प्रदान की गई।
- सम्पूर्णता अभियान का उद्देश्य देश के चयनित आकांक्षी जिलों एवं ब्लॉकों में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत ढाँचे से संबंधित 6 प्रमुख संकेतकों में सेचुरेशन प्राप्त करना था।
- यह अभियान नीति आयोग द्वारा जुलाई, 2024 से सितम्बर, 2024 तक राजस्थान के 5 आकांक्षी जिलों एवं 27 आकांक्षी ब्लॉकों सहित भारत के 112 आकांक्षी जिलों एवं 500 आकांक्षी ब्लॉकों में क्रियान्वित किया गया था।

### ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

**आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (Aspirational District Programme)**

- देश भर के 112 अल्प विकसित ज़िलों के समग्र विकास के उद्देश्य से वर्ष 2018 में नीति आयोग द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से 'आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम' की शुरुआत की गई।
- इन ज़िलों की पहचान सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के प्रभाव के आधार पर की गई है।

**5 संकेतक:**

- स्वास्थ्य और पोषण – 30 प्रतिशत।
- शिक्षा – 30 प्रतिशत।
- कृषि एवं जल संसाधन – 20 प्रतिशत।
- वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास – 10 प्रतिशत।
- मूलभूत अवसंरचना – 10 प्रतिशत।
- राजस्थान के 5 आकांक्षी ज़िले: बारां, करौली, जैसलमेर, धौलपुर और सिरोही।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत - यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (FTA) - राजस्थान पर प्रभाव

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, लंदन में भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से राजस्थान के निर्यात में वृद्धि होने के साथ-साथ राज्य में नए उद्योग भी विकसित हो सकेंगे।



## मुख्य बिंदु :

- **हस्ताक्षरकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर।
- समझौते से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूनाइटेड किंगडम में शुल्क-मुक्त (Zero Tariff) पहुँच मिलेगी।
- यह समझौता मुख्य रूप से राजस्थान के रत्न, आभूषण, वस्त्र, मार्बल, इंजीनियरिंग, फर्नीचर आदि क्षेत्रों को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित करेगा।

### रत्न एवं आभूषण पर वर्तमान शुल्क:

- **कीमती धातु आभूषण –** 2 से 4 प्रतिशत।
- **सस्ती धातु आभूषण –** 4 प्रतिशत। समझौते के बाद सभी शुल्क पूर्णतः समाप्त हो जाएंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### वस्त्र एवं टेक्सटाइल क्षेत्र:

- पूर्व में यूके में वस्त्र निर्यात पर 12 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगता था, जो शून्य हो जाएगा।
- समझौते के परिणामस्वरूप परिधान और होम टेक्सटाइल्स में पड़ोसी देशों से बेहतर प्रतिस्पर्धा संभव हो सकेगी।

### हस्तशिल्प और पारंपरिक कारीगरी:

- राजस्थान की पारंपरिक पेंटिंग्स, पॉटरी, धातु शिल्प के निर्यात में वृद्धि हो सकेगी।

### मार्बल, स्टोन, सीमेंट और फर्नीचर उद्योग:

- मकराना और किशनगढ़ के स्टोन व मार्बल उद्योग को लाभ होगा।
- सीमेंट निर्माण इकाइयों, पारंपरिक फर्नीचर और बेडिंग निर्माण के निर्यात में बढ़त मिलेगी।

### इंजीनियरिंग और ऑटो पार्ट्स:

- इंजीनियरिंग गुड्स को यूके में कम टैरिफ लाभ मिलेगा।
- स्थानीय वैल्यू एडिशन के साथ ऑटो पार्ट्स का निर्यात बढ़ेगा।
- **टपूकड़ा (होंडा संयंत्र) –** इंजन पार्ट्स व फ्रैंकशाफ्ट का निर्यात पहले से हो रहा है, जिसे और बल मिलेगा।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के चुनाव**<br>♦ हाल ही में, जयपुर में राजस्थान खेल अधिनियम-2005 के तहत् राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के चुनाव सम्पन्न हुए।<br>♦ **अध्यक्ष:** ललित कलाल (बांसवाड़ा)<br>♦ **सचिव:** यश प्रताप सिंह (टोंक)<br>♦ **वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** डॉ. मनीष अग्रवाल (जयपुर)<br>♦ **कोषाध्यक्ष:** लोकेश शर्मा। |
| 2. | **शैलेश दत्त माथुर**<br>♦ हाल ही में, रघुनाथ धाम धर्मार्थ सेवा संस्थान द्वारा शैलेश दत्त माथुर को 'भारत गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।<br>♦ उन्हें यह सम्मान ज्योतिष महाकुंभ एवं अध्यात्म सम्मान समारोह-2025 में समाजसेवा एवं राष्ट्रहित में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP-2020)

### ➲ चर्चा में क्यों?




- हाल ही में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) – 2020 के लागू होने के पाँच वर्ष पूर्ण हुए  ने अपनी स्थापना के पाँच वर्ष पूरे किए।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) को 29 जुलाई, 2020  को स्वीकृति दी।
- इस नीति का मसौदा ISRO के पूर्व प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में तैयार किया था।
- NEP 2020 का मुख्य उद्देश्य भारत को "वैश्विक ज्ञान महाशक्ति" बनाना है।
- यह नीति स्कूली और उच्च शिक्षा दोनों के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

**स्कूली शिक्षा:**

- इस नीति में वर्तमान 10+2 प्रणाली को 5+3+3+4 संरचना में परिवर्तित किया जाएगा।
- इस नई संरचना में 3 से 5 वर्ष के बच्चों को औपचारिक शिक्षा में शामिल किया जाएगा।
- अंतिम 4 वर्षों में विषयवस्तु की निरंतरता और गहराई सुनिश्चित की जाएगी।
- बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक क्षमता के लिए एक राष्ट्रीय मिशन चलाया जाएगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील के साथ अब मुफ्त नाश्ता भी दिया जाएगा।
- कक्षा 6 से ही छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा व इंटर्नशिप दी जाएगी।
- बोर्ड परीक्षाओं को सुधारकर नया प्रारूप लागू किया जाएगा।

**उच्च शिक्षा:**

- उच्च शिक्षा में नियमन, मानकीकरण, मान्यता और वित्त के लिए एक नया एकीकृत नियामक निकाय प्रस्तावित है।
- यह नया निकाय कला, विज्ञान, तकनीकी और शिक्षक शिक्षा को एक ही मंच पर लाएगा।
- इससे कई पुराने नियामक संस्थानों को हटाया जाएगा।
- शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने की अनुमति दी जाएगी।
- स्नातक डिग्री को चार वर्षीय बनाने का प्रस्ताव है।
- छात्रों को बीच में ही कोर्स छोड़ने व दोबारा शुरू करने के विकल्प दिए जाएंगे।
- क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे छात्र अन्य संस्थानों में पढ़ाई जारी रख सकें।
- एम. फिल कार्यक्रम को समाप्त कर दिया जाएगा।
- उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को वर्ष 2018 के 26.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 2035 तक 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।
- व्यावसायिक शिक्षा को भी उच्च शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत् NCMC को वैधानिक मान्यता प्रदान की।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह समिति अब राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया समन्वय की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था बन गई है।**
- **इसका गठन गृह मंत्रालय द्वारा आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2005 की धारा 8A (2) के तहत् किया गया है।**
- **NCMC की अध्यक्षता भारत सरकार के कैबिनेट सचिव करते हैं।**
- **इसके अन्य सदस्यों में केंद्रीय गृह सचिव, रक्षा सचिव, सचिव (समन्वय), कैबिनेट सचिवालय के सदस्य, NDMA के सदस्य और विभाग प्रमुख शामिल होते हैं।**
- **संकट की प्रकृति के अनुसार NCMC के अध्यक्ष अन्य विशेषज्ञों या अधिकारियों को समिति में नामित कर सकते हैं।**
- **यह समिति देश की आपदा तैयारी की समीक्षा करती है और उसे सुदृढ़ बनाने हेतु निर्देश जारी करती है।**
- **यह NDMA, केंद्र एवं राज्य सरकारों और अन्य एजेंसियों के प्रयासों का समन्वय एवं निगरानी करती है।**
- **इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन को एकीकृत और कुशल बनाना है।**

**आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025**

- **यह अधिनियम विभिन्न स्तरों पर आपदा प्रबंधन निकायों के बीच स्पष्टता और समन्वय सुनिश्चित करता है।**
- **इस अधिनियम के द्वारा ही NCMC को वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- अब NDMA और SDMA को सीधे आपदा योजनाएँ तैयार करने का अधिकार दिया गया है।
- पहले ये योजनाएँ NEC (राष्ट्रीय कार्यकारी समिति) और SEC (राज्य कार्यकारी समितियाँ) द्वारा बनाई जाती थीं।
- शहरी आपदाओं की चुनौती को देखते हुए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (UDMA) की स्थापना का प्रावधान किया गया है।
- राज्यों को अपने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) बनाने का अधिकार प्रदान किया गया है।
- यह प्रावधान शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आपदा संवेदनशीलता के समाधान की दिशा में एक कदम है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पैठणी साड़ियाँ



## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम में पैठणी साड़ियों की पारंपरिक शिल्पकला की विशेष प्रशंसा की।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- पैठणी साड़ी को 'महाराष्ट्र का महावस्त्र' कहा जाता है।
- यह साड़ी शुद्ध रेशम और सोने की ज़री से बुनी जाती है।
- यह अपनी विविध और जीवंत रंगों के लिए प्रसिद्ध है।
- इसकी उत्पत्ति गोदावरी नदी के किनारे बसे प्राचीन नगर पैठण में मानी जाती है।
- पैठणी साड़ी की शुरुआत ईसा पूर्व 6वीं शताब्दी में मानी जाती है।
- पैठणी साड़ियों की शैली बोल्ड पैटर्न और पारंपरिक रूपांकनों से युक्त होती है।
- इसके पल्लू और किनारे पर विशिष्ट डिज़ाइन होते हैं, जैसे:
  - मोर
  - कमल
  - आम
- डिज़ाइन प्रेरणा अजंता और एलोरा की रॉक-कट गुफाओं से ली गई होती है।
- पैठणी साड़ी को वर्ष 2010 में भौगोलिक संकेतक (GI टैग) प्रदान किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एटालिन जलविद्युत परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्र सरकार ने एटालिन जलविद्युत परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी के पुनर्मूल्यांकन की घोषणा की है।



CIVIL SERVICES

## मुख्य बिंदु :

- यह परियोजना अरुणाचल प्रदेश की दिबांग घाटी में प्रस्तावित है।
- परियोजना की कुल क्षमता 3,087 मेगावाट है।
- यह भारत की सबसे बड़ी नदी-प्रवाह जलविद्युत परियोजना के रूप में प्रस्तावित है।
- इसका निर्माण 'द्रि' और 'तालो' नदियों पर कंक्रीट के गुरुत्व बाँध बनाकर किया जाएगा।
- परियोजना हेतु 1,175 हेक्टेयर वन भूमि का विचलन आवश्यक है।
- इसके तहत् 2.7 लाख से अधिक वृक्षों की कटाई की जाएगी।
- इससे उपोष्णकटिबंधीय और अल्पाइन पारिस्थितिक तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### परियोजना भू-राजनीतिक निहितार्थ:

- चीन द्वारा यारलुंग सांगपो (ब्रह्मपुत्र) पर 60,000 मेगावाट क्षमता के बाँध का निर्माण चिंता का विषय है।
- इससे भारत के सियांग क्षेत्र में जल प्रवाह प्रभावित होने और बाढ़ की आशंका बनी रहती है।
- एटालिन परियोजना भारत की जल अधिकारों की रक्षा और चीन की जल परियोजनाओं का मुकाबला करने की रणनीति का हिस्सा है।
- भारत ने अरुणाचल प्रदेश में 13 अन्य जलविद्युत परियोजनाएँ (13,798 मेगावाट) भी प्रस्तावित की हैं।

### चुनौतियाँ:

- यह परियोजना दिबांग घाटी में लुप्तप्राय प्रजातियों; जैसे – हिमालयी सीरो और एशियाई गोल्डन कैट के लिए खतरा है।
- इसके लिए संचयी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन की आवश्यकता है क्योंकि घाटी में कई परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं।
- स्थानीय समुदायों द्वारा विस्थापन की आशंका को लेकर विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं।
- इस संदर्भ में समावेशी सार्वजनिक परामर्श आवश्यक है।
- भारत और चीन के बीच जलविज्ञान डाटा साझा करने की प्रणाली को मज़बूत किया जाना चाहिए।
- पर्यावरण और रणनीतिक जरूरतों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए अद्यतन आकलन आवश्यक हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## नई दूरसंचार नीति 2025 का मसौदा

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने नई दूरसंचार नीति, 2025 का मसौदा तैयार किया।






### मुख्य बिंदु :

- **विजन:** भारत को नवाचार-आधारित, सुरक्षित, टिकाऊ और पूर्णतः कनेक्टेड राष्ट्र बनाना।
- **फोकस के मुख्य क्षेत्र:**
    - कनेक्टिविटी का विस्तार करना।
    - घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना।
    - 6G मानकीकरण में भारत की वैश्विक भूमिका को सुदृढ़ करना।

**नीति के उद्देश्य:**

- **रोजगार सृजन:** 10 लाख नई नौकरियाँ और मौजूदा कर्मचारियों का कौशल विकास।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **डिजिटल कनेक्टिविटी:**
  - वर्ष 2030 तक 90 प्रतिशत जनसंख्या को 5G से जोड़ना।
  - 100 प्रतिशत आबादी को 4G से जोड़ना।
- **साइबर सुरक्षा:**
  - साइबर हमलों से सुरक्षा को मजबूत करना।
  - क्वांटम-सुरक्षित संचार तंत्र विकसित करना।
- **पर्यावरणीय स्थिरता:**
  - कार्बन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत तक कमी।
  - चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।
- **अनुसंधान एवं विकास:**
  - घरेलू R&D को प्रोत्साहन।
  - 6G मानकीकरण में सक्रिय भागीदारी।
- **उत्पादन वृद्धि:** वर्ष 2030 तक घरेलू विनिर्माण में 150 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य।

**मुख्य विशेषताएँ:**

- **फाइबर नेटवर्क:** मोबाइल टावरों की फाइबर कनेक्टिविटी को 46 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत करना।
- **वाई-फाई नेटवर्क:** देशभर में 10 लाख वायरलेस हॉटस्पॉट स्थापित करना।
- **सैटेलाइट कनेक्टिविटी:** दूरस्थ क्षेत्रों में सैटेलाइट इंटरनेट को बढ़ावा देना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **AI का उपयोग:**
  - **नेटवर्क प्रबंधन,**
  - **शिकायत समाधान,**
  - **साइबर सुरक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग।**
- **टेलिकॉम मैन्यूफेक्चरिंग जॉन (TMZ): एकीकृत अवसंरचना के साथ दूरसंचार उत्पादों के डिज़ाइन और निर्माण को प्रोत्साहन।**
- **सुरक्षा उपाय:**
  - **देशी और विदेशी सैटेलाइट्स की निगरानी।**
  - **सीमा क्षेत्रों में रेडियो-सिग्नल हस्तक्षेप को कम करना।**
  - **मोबाइल नंबर सत्यापन: उपयोगकर्ताओं की पहचान की पुष्टि के लिए नई सेवा शुरू करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## नासा का ट्रेसर्स मिशन

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, नासा ने ट्रेसर्स मिशन (TRACERS) को लॉन्च किया है।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **पूरा नाम : टैंडम रिकनेक्शन एंड कस्प इलेक्ट्रोडायनेमिक्स रिकनैसंस सैटेलाइट्स।**
- **उद्देश्य : पृथ्वी की चुंबकीय परत द्वारा सौर तूफानों से सुरक्षा की प्रक्रिया को समझना।**
- **इस मिशन का प्रमुख लक्ष्य:**
  - **चुंबकीय पुनर्संयोजन की प्रक्रिया का अध्ययन करना।**
  - **यह वह प्रक्रिया है जिसमें सूर्य और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र टकराते हैं और ऊर्जा विस्फोट होता है।**
  - **यह विस्फोट उपग्रहों, विद्युत ग्रिड और संचार नेटवर्क को प्रभावित कर सकता है।**

**प्रक्षेपण एवं तकनीकी जानकारी:**

- **प्रक्षेपण स्थल: वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस, कैलिफ़ोर्निया, USA**
- **लॉन्च यान: स्पेसएक्स का Falcon-9 रॉकेट।**
- **मुख्य यान: दो छोटे उपग्रह।**
- **मिशन नेतृत्व: डेविड माइल्स (आयोवा विश्वविद्यालय)**
- **मुख्य अध्ययन क्षेत्र: ध्रुवीय कस्प (Polar Cusp) जहाँ सौर कण वायुमंडल से टकराते हैं।**

**प्रमुख विशेषताएँ:**

- **सालभर में 3,000 से अधिक मापन किए जाएंगे।**
- **वास्तविक समय में सौर ऊर्जा के प्रभाव की निगरानी की जाएगी।**
- **यह अध्ययन करेगा कि अंतरिक्ष मौसम को कैसे प्रभावित करता है।**
- **यह वैज्ञानिकों को सौर कणों के ऊपरी वायुमंडल में प्रवेश की प्रक्रिया समझने में मदद करेगा।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### साथ में लॉन्च किए गए अन्य पेलोड्स:

- **Athena EPIC:** कम लागत वाले उपग्रह और विकिरण अध्ययन के लिए।
- **PExT:** नई रोमिंग-शैली सिग्नल प्रणाली का परीक्षण।
- **REAL:** वैन एलेन बेल्ट से हानिकारक इलेक्ट्रॉनों के पलायन पर शोध।

### भारत के लिए प्रासंगिकता:

- भारत में संचार, मौसम पूर्वानुमान और नेविगेशन उपग्रह-आधारित हैं।
- **ट्रेसर्स मिशन से प्राप्त जानकारी:**
  - ISRO मिशनों की सुरक्षा में सहायक।
  - GIS आधारित राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित बनाने में उपयोगी।
  - भविष्य की अंतरिक्ष रणनीतियों को मजबूती देने में मददगार।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस



### चर्चा में क्यों?

- विश्व स्तर पर बाघों के संरक्षण और इनके सामने आने वाले खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रति वर्ष 29 जुलाई को 'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' मनाया जाता है।

### मुख्य बिंदु :

- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु :** 'सेक्यूरिंग द फ्यूचर ऑफ टाइगर्स विद इंडिजिनस पीपल्स एंड लोकल कम्युनिटीज़ ऐट द हार्ट'
- अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाए जाने की घोषणा वर्ष 2010 में रूस में आयोजित 'सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर शिखर सम्मेलन' के दौरान हुई थी।
- यह दिवस बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए एक वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देने तथा लुप्तप्राय बाघ प्रजाति के संरक्षण के लिए जन जागरूकता और समर्थन बढ़ाने के लिए समर्पित है।
- **सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर शिखर सम्मेलन:** यह बाघों की आबादी में आ रही नाटकीय गिरावट को चिह्नित करने और उनके संरक्षण के लिए रणनीति विकसित करने के लिए आयोजित एक वैश्विक सम्मेलन था। इस सम्मेलन के दौरान वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की आबादी को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### बाघ के बारे में:

- **वैज्ञानिक नाम - पैंथेरा टाइग्रिस।**
- **विश्व के कुल बाघों की संख्या का 75 प्रतिशत भारत में पाया जाता है।**

### संरक्षण स्थिति:

- **भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में।**
- **अन्तरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय (Endangered)**
- **वन्यजीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अन्तरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) के परिशिष्ट- I में सूचीबद्ध।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चित व्यक्तित्व

### गीतांजलि श्री



**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता गीतांजलि श्री को PEN ट्रांसलेट अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

**मुख्य बिंदु :**

- यह सम्मान उनकी हिंदी पुस्तक 'वंस एलिफेंट्स लिव्ड हियर' के अंग्रेज़ी अनुवाद के लिए दिया गया।
- **पुस्तक:** वंस एलिफेंट्स लिव्ड हियर।
- **मूल भाषा:** हिंदी।
- **अंग्रेज़ी अनुवादक:** डेज़ी रॉकवेल।
- **स्वरूप:** लघु कथाओं का संग्रह।
- **विषय:**
  - स्मृति,
  - विस्थापन,
  - सामाजिक परिवर्तन,
  - क्षति का अनुभव।
- संग्रह में गहन मानवीय संवेदनाओं को चित्रित किया गया है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## PEN अवॉर्ड:

- यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो अन्य भाषाओं से अंग्रेज़ी में अनुवादित होती हैं।
- इसका उद्देश्य वैश्विक साहित्य में विविधता और गुणवत्ता को बढ़ावा देना है।
- यह पुरस्कार इंग्लिश PEN संस्था और SALT प्रकाशन के सहयोग से प्रदान किया जाता है।
- चयन में साहित्यिक गुणवत्ता, प्रकाशन की गंभीरता और ब्रिटिश साहित्य में विविधता को प्राथमिकता दी जाती है।

## पुरस्कार प्राप्त करने वाली अन्य प्रमुख कृतियाँ:

| लेखक | देश | कृति | अनुवाद |
|---|---|---|---|
| सारा शगुफ्ता | पाकिस्तान | Eyes, Eyes, Eyes | जावेरिया हसनैन (उर्दू से अंग्रेजी में) |
| मोहम्मद अल-असद | फलस्तीन | Children of the Dew | अनाहीद अल-हरदान, मैया टैबेट (अरबी से अंग्रेजी में) |
| डैनियला कैट्रीलियो | चिली | Chilco | जैकब एडेलस्टीन (स्पेनिश से अंग्रेजी में) |
| कॉन्सेइसाओ एवरिस्टो | ब्राज़ील | The Backstreet of Memory | एनी मैकडरमोट (पुर्तगाली से अंग्रेजी में) |
| मारिया स्टेपानोवा | रूस | Disappearing Acts | साशा डगडेल (रूसी से अंग्रेजी में) |
| एना पाउला माइया | ब्राज़ील | On Earth as It Is Beneath | पद्मा विश्वनाथन (पुर्तगाली से अंग्रेजी में) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## गीतांजलि श्री:

- **जन्म :** 12 जून 1957, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश
- **मुख्य भाषा :** हिंदी
- **प्रसिद्ध कृति :** रेत समाधि (अंग्रेज़ी अनुवाद: Tomb of Sand)
- **अनुवादक :** डेज़ी रॉकवेल (Daisy Rockwell)
- **महत्वपूर्ण पुरस्कार :** International Booker Prize 2022, PEN Translate Award 2025
- **नवीनतम कृति :** वंस एलिफेंट्स लिव्ड हियर – लघुकथा संग्रह।
- **शैली :** सामाजिक यथार्थ, स्मृति, विस्थापन, महिला विमर्श, रूपक।
- **अन्य कृतियाँ :** माई, तिरोहित, खाली जगह, हमारा शहर उस बरस।
- **वैश्विक पहचान :** हिंदी भाषा की पहली लेखिका जिन्हें बुकर पुरस्कार मिला।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार एवं सम्मान

## विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक अवॉर्ड

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) को ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने वर्ष 2025 के लिए 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक' घोषित किया।

### मुख्य बिंदु :

- SBI भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।
- इस बैंक ने ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में वित्तीय पहुँच सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।
- SBI ने डिजिटल बैंकिंग, ग्राहक सेवा और वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय नवाचार किए हैं।
- ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका का यह पुरस्कार वैश्विक मानकों और शोध आधारित मूल्यांकन पर आधारित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका:

- ग्लोबल फाइनेंस एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका है।
- यह वित्तीय समाचार, वैश्विक बैंकिंग रैंकिंग और विश्लेषण के लिए जानी जाती है।
- **स्थापना:** वर्ष 1987
- **मुख्यालय:** न्यूयॉर्क सिटी, संयुक्त राज्य अमेरिका (USA)

### भारतीय स्टेट बैंक (SBI):

- **स्थापना:** 1 जुलाई, 1955 (इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीयकरण से)
- **मुख्यालय:** मुंबई।
- **स्वामित्व:** भारत सरकार द्वारा पूर्ण स्वामित्व।
- **विशेषताएँ:**
  - भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक।
  - विस्तृत नेटवर्क।
  - YONO ऐप व AI आधारित सेवाएँ।
  - वित्तीय समावेशन में अग्रणी।
  - 30+ देशों में अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR